**पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।**
**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**परीक्षा का वर्ष : 2023**

# JCP

**प्रश्न-पुस्तिका**

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

# सामान्य हिन्दी, सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन, उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ

## General Hindi, General Knowledge and General Studies, Uttarakhand Related Various Knowledge

**समय : 2:00 घंटे** — **Time : 2:00 Hours**
**पूर्णांक : 100** — **Maximum Marks : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. **सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।**
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न** हैं, जिसमें भाग-**1** (सामान्य हिन्दी) में **20** प्रश्न, भाग-**2** (सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन) में **40** प्रश्न एवं भाग-**3** (उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ) में **40** प्रश्न दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर.आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को वापस लौटा दें, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अंकित सीरीज कोड के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C & D) का मिलान अवश्य कर लें, यदि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान सीरीज कोड की ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

**महत्त्वपूर्ण : प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## भाग – 1
## सामान्य हिन्दी

1. इनमें से अशुद्ध वर्तनी का शब्द है :
(a) भास्कर (b) द्वारका (c) कृशाँगिनी (d) प्रज्वलित

2. निम्नलिखित में से तद्भव और उसके तत्सम शब्द-रूप का एक युग्म अशुद्ध है, वह है :
(a) सेठ–श्रेष्ठी (b) टकसाल–टंकशाला (c) रहट – अरहट्ट (d) कटहल – कंटफल

3. विलोम शब्दों की दृष्टि से अशुद्ध शब्द-युग्म है :
(a) प्राची–प्रतीची (b) समास–व्यास (c) मसृण–रुक्ष (d) अनघ–निरघ

4. इनमें से अनेकार्थी शब्द 'दल' का एक अर्थ नहीं है, वह है :
(a) पर्त (b) गर्त (c) सेना (d) निकर

5. नागरी लिपि में मात्राओं में सुधार लाने की दृष्टि से 'बारहखड़ी' चलाने का प्रस्ताव इनमें से किसका था ?
(a) काका कालेलकर
(b) धीरेन्द्र वर्मा
(c) आचार्य नरेन्द्रदेव
(d) राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन

6. निम्नलिखित में से 'कबूतर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :
(a) हारीत (b) बासंत (c) रक्तलोचन (d) परेवा

7. 'इतर+इतर = इतरेतर' में लागू होने वाला सन्धि-सूत्र है :
(a) 'इकोयणचि' (b) 'अकःसवर्णे दीर्घः' (c) 'वृद्धिरेऽचि' (d) 'आद्गुणः'

8. निम्नलिखित में से व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध वाक्य है :
(a) हम सभी कालचक्र के पहिये के नीचे पिस रहे हैं ।
(b) इतनी रात बीती तुम क्यों आईं ?
(c) इस प्रश्न का प्रमाणसहित उत्तर दीजिए ।
(d) जल्दी मत करो, धैर्यता से काम लो ।

9. 'अभागा सुख से वंचित रह जाता है ।' – यह अर्थ इनमें से किस लोकोक्ति के लिए उपयुक्त है ?
(a) 'अंधा पीसे कुत्ता खाये'
(b) 'अंधा बगुला कीचड़ खाये'
(c) 'अंधेर नगरी चौपट राजा'
(d) 'कोयले की दलाली में मुँह काला'

10. 'राजपत्र में प्रकाशित होने वाली सूचना, जो वैधानिक दृष्टि से सर्वमान्य एवं सर्वस्वीकृत समझी जाती है' – वह कहलाती है :
(a) परिपत्र (b) विज्ञापन (c) प्रेसविज्ञप्ति (d) विज्ञप्ति

11. 'यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया' समूह ने सन् 1982 में हिन्दी में समाचार के लिए इनमें से किस समाचार-एजेन्सी की स्थापना की ?

(a) 'हिन्दुस्तान समाचार' (b) 'भाषा'
(c) 'समाचार भारती' (d) 'यूनीवार्ता'

12. कम्प्यूटर-ऑपरेटर इनमें से किस स्मृति-कोश में अपना डाटा संचित करता है ?

(a) RAM (b) ROM (c) BIT (d) CPU

13. 'प्रविशेषण' को इनमें से किसने 'अन्तर्विशेषण' कहा है ?

(a) पं. कामताप्रसाद गुरु ने (b) डॉ. देवेन्द्रनाथ शर्मा ने
(c) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने (d) डॉ. विद्यानिवास मिश्र ने

14. इनमें से लेखक और उसकी रचना का एक युग्म सुमेलित नहीं है, वह है :

(a) मुक्तिबोध – 'काठ का सपना' (b) मन्नू भण्डारी – त्रिशंकु
(c) शेखर जोशी – हलवाहा (d) शैलेश मटियानी – उत्तर प्रियदर्शी

15. 'गोसाँई दत्त' इनमें से किस रचनाकार का मूल नाम है ?

(a) पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल का (b) सुमित्रानन्दन पन्त का
(c) मंगलेश डबराल का (d) शेखर जोशी का

16. इनमें से किस पात्र का सम्बन्ध 'सिल्वर वैडिंग' कहानी से है ?

(a) गजाधर पंत (b) कृष्ण पंत (c) गिरीश पंत (d) यशोधर पंत

17. 'खड़ी बोली' के लिए 'कौरवी' नाम इनमें से किसने दिया ?

(a) सुनीतिकुमार चटर्जी ने (b) कामताप्रसाद गुरु ने
(c) राहुल सांकृत्यायन ने (d) डॉ. भोलानाथ तिवारी ने

18. निम्नलिखित में से 'गढ़वाली' बोली की एक उपबोली है :

(a) 'सीराली' (b) 'कुलुई' (c) 'सलानी' (d) 'गंगोला'

19. इनमें से अंतस्थ व्यंजन हैं :

(a) श, ष, स, ह (b) च, छ, ज, झ (c) त, थ, द, ध (d) य, र, ल, व

20. इनमें से 'ईख' शब्द का तत्सम शब्द है :

(a) इक्षु (b) ईक्षु (c) इक्खु (d) ऊख

## PART – 2
## General Knowledge and General Studies

**21.** Which among the following revolutionaries was involved in the Chatgaon Armoury raid ?
(a) Surya Sen (b) Chandrashekhar Azad
(c) Bhagat Singh (d) Ambika Chakravarti

**22.** Which one among the following buildings at Fatehpur Sikri was not constructed by Emperor Akbar ?
(a) Palace of Jodhabai (b) Moti Masjid
(c) Palace of Turki Sultana (d) Panch Mahal

**23.** Growth of 'Nihilism' began in which country ?
(a) Russia (b) America (c) China (d) Mangolia

**24.** Instrument called "Astrolabe" is invented to determine which one of the following ?
(a) Latitude and Longitude (b) Positions of the Sun and Stars
(c) Size of the Earth (d) The depth of Sea

**25.** Flat top of guyots are eroded by which one of the following ?
(a) Wind action (b) Glacian action
(c) Wave action (d) River action

**26.** Which one of the following is NOT a metamorphic rock ?
(a) Marble (b) Quartzite (c) Granite (d) Schist

**27.** Dhuandhar Waterfall is located in which of the following State ?
(a) Uttarakhand (b) Madhya Pradesh
(c) Sikkim (d) Himachal Pradesh

**28.** Among the following which two nations' boundary is determined by "Radcliffe Line" ?
(a) India and Bangladesh (b) India and Afghanistan
(c) India and Nepal (d) India and China

**29.** Beladila is famous for which mineral ?
(a) Mica (b) Copper (c) Bauxite (d) Iron-ore

**30.** In which of the following zone Sunderban is found ?
(a) Tropical dry deciduous forest (b) Tidal forest
(c) Casurina forest (d) Desert vegetation

**31.** In which of the following article the freedom of Press refers to the Rights given by the Indian Constitution ?
(a) Article 19(1) (a) (b) Article 19(1) (b)
(c) Article 19(1) (c) (d) Article 19(1) (d)

**32.** Which one of the following consists the committee on Public undertakings of Union Parliament ?
(a) 12 members from Lok Sabha and 10 from Rajya Sabha
(b) 15 members from Lok Sabha and 7 from Rajya Sabha
(c) 11 members from Lok Sabha and 11 from Rajya Sabha
(d) 14 members from Lok Sabha and 8 from Rajya Sabha

**33.** Regarding altering the boundaries of a State in India, which of the following statement is correct ?
(a) Legislation by 2/3 majority of Parliament
(b) Legislation by simple majority of Parliament and concerned States
(c) Legislation by simple majority of Parliament
(d) Legislation by simple majority of Lok Sabha only

## भाग – 2
## सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन

**21.** निम्नांकित में से कौन से क्रान्तिकारी चटगाँव शस्त्रागार हमले में सम्मिलित थे ?
(a) सूर्यसेन
(b) चन्द्रशेखर आज़ाद
(c) भगतसिंह
(d) अम्बिका चक्रवर्ती

**22.** फतेहपुर सीकरी में स्थित निम्नलिखित में से किस भवन का निर्माण बादशाह अकबर ने नहीं करवाया था ?
(a) जोधाबाई का महल
(b) मोती मस्जिद
(c) तुर्की सुल्ताना का महल
(d) पंचमहल

**23.** 'निहिलिज़्म' का विकास किस देश में हुआ था ?
(a) रूस (b) अमेरिका (c) चीन (d) मंगोलिया

**24.** "एस्ट्रोलेब" नामक उपकरण का आविष्कार निम्न में से किस एक को निर्धारित करने के लिए किया गया है ?
(a) अक्षांश एवं देशान्तर
(b) सूर्य एवं तारों की स्थितियाँ
(c) पृथ्वी का आकार (क्षेत्र)
(d) सागर की गहराई

**25.** गुयोट्स के समतल शीर्ष का अपरदन निम्नलिखित में से किस एक के द्वारा होता है ?
(a) पवन की क्रिया के द्वारा
(b) हिमानी की क्रिया के द्वारा
(c) लहर की क्रिया के द्वारा
(d) नदी की क्रिया के द्वारा

**26.** निम्नलिखित में से कौन सी रूपान्तरित चट्टान <u>नहीं</u> है ?
(a) संगमरमर (b) क्वार्टजाइट (c) ग्रेनाइट (d) शिस्ट

**27.** धुआँधार जलप्रपात निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?
(a) उत्तराखण्ड (b) मध्य प्रदेश (c) सिक्किम (d) हिमाचल प्रदेश

**28.** निम्नलिखित में से किन दो राष्ट्रों की सीमा का निर्धारण "रैडक्लिफ रेखा" करती है ?
(a) भारत एवं बांग्लादेश
(b) भारत एवं अफगानिस्तान
(c) भारत एवं नेपाल
(d) भारत एवं चीन

**29.** बेलाडिला किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ?
(a) अभ्रक (b) ताँबा (c) बॉक्साइट (d) लौह–अयस्क

**30.** निम्नलिखित प्रदेशों में से सुन्दरवन कहाँ पाया जाता है ?
(a) उष्णकटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती वन
(b) ज्वारीय वन
(c) कैसुरीना वन
(d) मरुस्थलीय वनस्पति

**31.** प्रेस की स्वतंत्रता की प्रत्याभूति निम्न में से, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में दी गई है ?
(a) अनुच्छेद 19(1) (क)
(b) अनुच्छेद 19(1) (ख)
(c) अनुच्छेद 19(1) (ग)
(d) अनुच्छेद 19(1) (द)

**32.** संघीय संसद की सार्वजनिक उपक्रमों सम्बन्धी समिति की बनावट निम्नलिखित में से कौन सी है ?
(a) 12 लोक सभा सदस्य एवं 10 राज्य सभा सदस्य
(b) 15 लोक सभा सदस्य एवं 7 राज्य सभा सदस्य
(c) 11 लोक सभा सदस्य एवं 11 राज्य सभा सदस्य
(d) 14 लोक सभा सदस्य एवं 8 राज्य सभा सदस्य

**33.** भारत के राज्यों की सीमाओं में परिवर्तन के सन्दर्भ में, निम्न में से कौन सा कथन सही है ?
(a) संसद द्वारा 2/3 बहुमत की विधायी प्रक्रिया द्वारा
(b) संसद के और सम्बन्धित राज्यों के साधारण बहुमत की विधायी प्रक्रिया द्वारा
(c) संसद के साधारण बहुमत द्वारा विधायी प्रक्रिया
(d) केवल लोक सभा के साधारण बहुमत द्वारा विधायी प्रक्रिया

**34.** Which of the following is correct statement of Article 1 : (1) of the Indian Constitution ?
(a) India, shall be a Union of States.
(b) India, that is Bharat shall be Union of States.
(c) India shall be a Union of Centre and States.
(d) India that is Hindustan shall be Union of States.

**35.** Right to Information is
(a) Legal Right (b) Fundamental Right
(c) Social Right (d) Personal Right

**36.** Which tax is collected by Gram Panchayat ?
(a) Goods and Service Tax (b) Tax on Local Fairs
(c) Custom Duty (d) Land Revenue

**37.** Which of the Indian State had the lowest Infant Mortality Rate (IMR, per 1000 births) according to NFHS-5 (2019-21) ?
(a) Goa (b) Bihar (c) Kerala (d) Sikkim

**38.** "Smart Cities Mission" was launched in which year ?
(a) 2014 (b) 2016 (c) 2017 (d) 2015

**39.** Who manages the present monetary system in India ?
(a) Central Bank of India (b) Reserve Bank of India
(c) Finance Ministry (d) Prime Minister

**40.** Which was the first ever rural poverty alleviation programme launched in India ?
(a) Rural Landless Employment Guarantee Programme
(b) National Rural Employment Programme
(c) Jawahar Rozgar Yojana
(d) Integrated Rural Development Programme

**41.** SAARC Summit 2023 is proposed to take place in which of the following places ?
(a) Colombo (b) Peshawar (c) Islamabad (d) Lahore

**42.** ICC women's T-20 under 19 World Cup 2023 is held at which of the following place ?
(a) Potchestroom (b) Los Angles (c) Manchester (d) None of the above

**43.** A powerful earthquake occurred in Turkey in Feb. 2023. What was its magnitude ? Select from the following :
(a) 6.8 (b) 7.8 (c) 8.1 (d) 5.9

**44.** Supreme Court on $8^{th}$ February, 2023, ordered the removal of reference to Sikkim-Nepalese people as "people of foreign origin" from its verdict. The verdict was of which date ?
(a) $8^{th}$ October, 2022 (b) $2^{nd}$ December, 2022
(c) $13^{th}$ January, 2023 (d) $4^{th}$ January, 2023

**45.** The theme of India's G-20 Presidency is
(a) Satyamev Jayate
(b) One Earth, One Family, One Future (Vasudev Kutumbakam)
(c) One Earth
(d) Globalization

**46.** Which of the following place is not concerned with Border Gavaskar Trophy 2023 ?
(a) Nagpur (b) Delhi (c) Mumbai (d) Ahmedabad

34. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 : (1) के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही है ?
(a) भारत राज्यों का संघ होगा ।
(b) भारत अर्थात् इंडिया राज्यों का संघ होगा ।
(c) भारत केन्द्र और राज्यों का संघ होगा ।
(d) भारत अर्थात् हिन्दुस्तान राज्यों का संघ होगा ।

35. सूचना का अधिकार है :
(a) विधिक अधिकार
(b) मूल अधिकार
(c) सामाजिक अधिकार
(d) व्यक्तिगत अधिकार

36. कौन सा कर ग्राम पंचायत द्वारा लिया जाता है ?
(a) वस्तु एवं सेवा कर (b) स्थानीय मेलों पर कर (c) सीमा शुल्क (d) भू–राजस्व

37. एन.एफ.एच.एस.-5 (2019-21) के अनुसार, भारत के किस राज्य की शिशु मृत्यु दर (आई.एम.आर. प्रति 1000 जन्म) सबसे कम थी ?
(a) गोवा (b) बिहार (c) केरल (d) सिक्किम

38. "स्मार्ट सिटी मिशन" की शुरुआत किस वर्ष में हुई ?
(a) 2014 (b) 2016 (c) 2017 (d) 2015

39. भारत में वर्तमान मौद्रिक प्रणाली का प्रबन्धन कौन करता है ?
(a) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
(b) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया
(c) वित्त मंत्रालय
(d) प्रधानमंत्री

40. भारत में कौन सा ग्रामीण गरीबी निवारण कार्यक्रम सबसे पहले शुरू किया गया था ?
(a) ग्रामीण भूमिहीन रोज़गार गारण्टी कार्यक्रम
(b) राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार कार्यक्रम
(c) जवाहर रोज़गार योजना
(d) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

41. सार्क शिखर सम्मेलन 2023, निम्न में से किस स्थान पर होना प्रस्तावित है ?
(a) कोलम्बो (b) पेशावर (c) इस्लामाबाद (d) लाहौर

42. आई.सी.सी. महिला T-20 अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2023 निम्न में से किस स्थान पर आयोजित हुआ ?
(a) पोटच्सटरूम (b) लॉस एन्जिलीस (c) मैनचेस्टर (d) उक्त में से कोई नहीं

43. फरवरी 2023 में तुर्की में आए शक्तिशाली भूकम्प की तीव्रता क्या थी ? निम्न में से चुनाव कीजिए :
(a) 6.8 (b) 7.8 (c) 8.1 (d) 5.9

44. उच्चतम न्यायालय ने 8 फरवरी, 2023 को अपने ही फैसले पर आदेश देते हुए, सिक्किम–नेपाली लोगों को "विदेशी मूल के लोग" का उल्लेख हटा दिया है । यह फैसला किस तिथि का था ?
(a) 8 अक्टूबर, 2022 (b) 2 दिसम्बर, 2022 (c) 13 जनवरी, 2023 (d) 4 जनवरी, 2023

45. भारत की G-20 अध्यक्षता का थीम है :
(a) सत्यमेव जयते (b) वसुधैव कुटुम्बकम् (c) एक पृथ्वी (d) वैश्वीकरण

46. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2023 से कौन सी जगह संबंधित नहीं है ?
(a) नागपुर (b) दिल्ली (c) मुम्बई (d) अहमदाबाद

**47.** Which of the following is fastest memory ?
(a) Compact disk (b) Floppy disk (c) Cache memory (d) Hard disk

**48.** _______ shortcut key combination is used to print an opened file in MS-Word.
(a) Shift + W (b) Ctrl + W (c) Shift + P (d) Ctrl + P

**49.** A software program that is used to view web pages is called
(a) Compiler (b) Application Program
(c) View (d) Browser

**50.** Which of the following is a valid IPV4 address ?
(a) 132.64.8.255 (b) 13.260.3.255
(c) 24.0.300.0 (d) None of the above

**51.** The human eye forms the image of an object at its
(a) Cornea (b) Iris (c) Pupil (d) Retina

**52.** Which of the following is a mechanical wave ?
(a) Radio wave (b) X-ray (c) Light wave (d) Sound wave

**53.** Which of the following discovered ABO blood groups and received the Noble prize ?
(a) Walsh and Montgomery (b) Landsteiner and Wiener
(c) Karl Landsteiner (d) E.M. East

**54.** A walks straight 10 meters in front and then 10 meters to the right. Then every time turning to his left, he walks 5, 15 and 15 meters, respectively. How far is he (in meters) now from his starting point ?
(a) 5 (b) 10 (c) 15 (d) 50

**55.** In a row of girls, Kamya is fifth from the left and Preeti is sixth from the right, when they exchange their positions, then Kamya becomes thirteenth from the left. What will be Preeti's position from the right ?
(a) $7^{th}$ (b) $11^{th}$ (c) $14^{th}$ (d) $18^{th}$

**56.** A man has ₹ 480 in the denominations of one-rupee notes, five-rupee notes and ten-rupee notes. The number of notes of each denomination is equal. What is the total number of notes that he has ?
(a) 45 (b) 30 (c) 75 (d) 90

**57.** How many Sunday will be there in the month of January and February in the year 2024 ?
(a) 9 (b) 8 (c) 10 (d) None of the above

**58.** If

$12 * 2 = 6$

$27 * 9 = 3$

$15 * 5 = 3,$

then, $50 * (50*10) =$

(a) 10 (b) 100 (c) 110 (d) 5

**59.** Which of the following Pallava rulers wrote 'Mattavilas Prahsana' ?
(a) Narsimhavarman I (b) Mahendravarman I
(c) Dantivarman (d) Narsimhavarman II

**60.** In which year the incident of 'Boston Tea Party' took place ?
(a) 1773 AD (b) 1648 AD (c) 1453 AD (d) 1618 AD

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी मेमोरी सबसे फास्ट है ?
(a) कॉम्पेक्ट डिस्क (b) फ्लॉपी डिस्क (c) कैश मेमोरी (d) हार्ड डिस्क

**48.** ______ शॉर्टकट कुँजी संयोजन के द्वारा एम एस–वर्ड में खुली फाइल को प्रिंट किया जाता है ।
(a) Shift + W (b) Ctrl + W (c) Shift + P (d) Ctrl + P

**49.** एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम, जिसका उपयोग वेब पेजों को देखने के लिये किया जाता है, कहलाता है :
(a) कम्पाइलर (b) एप्लीकेशन प्रोग्राम (c) वियू (d) ब्राउज़र

**50.** इनमें से कौन सा वैध IPV4 एड्रेस है ?
(a) 132.64.8.255 (b) 13.260.3.255
(c) 24.0.300.0 (d) इनमें से कोई नहीं

**51.** मानव नेत्र किसी वस्तु का प्रतिबिम्ब बनाता है इसके :
(a) कॉर्निया पर (b) परितारिका पर (c) पुतली पर (d) दृष्टिपटल पर

**52.** निम्न में से कौन सी एक यांत्रिक तरंग है ?
(a) रेडियो तरंग (b) X-किरण (c) प्रकाश तरंग (d) ध्वनि तरंग

**53.** निम्न में से किसने ABO रक्त समूह की खोज की तथा नोबल पुरस्कार प्राप्त किया ?
(a) वाल्स तथा मोन्टगोमेरी (b) लेण्डस्टेनर तथा वाइनर
(c) कार्ल लेण्डस्टेनर (d) ई.एम. ईस्ट

**54.** A अपनी सीध में 10 मीटर चलता है और फिर 10 मीटर दायीं ओर चलता है । इसके बाद प्रत्येक बार अपनी बायीं ओर मुड़कर वह क्रमशः 5, 15 और 15 मीटर चलता है । अब वह अपने मूल बिन्दु से कितनी दूरी (मीटर में) पर है ?
(a) 5 (b) 10 (c) 15 (d) 50

**55.** लड़कियों की एक पंक्ति में काम्या बायें से पाँचवें स्थान पर है और प्रीति दायें से छठे स्थान पर है, जब वे दोनों परस्पर अपना स्थान बदलती हैं, तब काम्या बायें से तेरहवें स्थान पर रहती है । प्रीति दायें से कौन से स्थान पर होगी ?
(a) 7वें (b) 11वें (c) 14वें (d) 18वें

**56.** एक व्यक्ति के पास कुल ₹ 480 हैं । जिसमें एक–रुपये के नोट, पाँच–रुपये के नोट और दस–रुपये के नोट सम्मिलित हैं । सभी प्रकार के नोटों की संख्या बराबर है । उसके पास नोटों की कुल संख्या कितनी है ?
(a) 45 (b) 30 (c) 75 (d) 90

**57.** वर्ष 2024 के जनवरी तथा फरवरी माह में कुल कितने रविवार होंगे ?
(a) 9 (b) 8 (c) 10 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**58.** यदि

$12 * 2 = 6$

$27 * 9 = 3$

$15 * 5 = 3,$

तब $50 * (50*10) =$

(a) 10 (b) 100 (c) 110 (d) 5

**59.** निम्नलिखित में से किस पल्लव शासक ने 'मत्तविलास प्रहसन' की रचना की ?
(a) नरसिंहवर्मन प्रथम (b) महेन्द्रवर्मन प्रथम
(c) दंतिवर्मन (d) नरसिंहवर्मन द्वितीय

**60.** 'बोस्टन टी पार्टी' की घटना किस वर्ष हुई ?
(a) 1773 ई. (b) 1648 ई. (c) 1453 ई. (d) 1618 ई.

## PART – 3
## Uttarakhand Related Various Knowledge

**61.** Which of the following are the tributaries of River Kali ?
(a) Pindar and Dhauli Ganga
(b) Eastern Dhauli and Kuthi - Yankti
(c) Song and Khoh
(d) Dabka and Nihal

**62.** Who is the author of the book "Hari Bhari Ummeed" ?
(a) Pushpesh Pant
(b) Sunder Lal Bahuguna
(c) Chandi Prasad Bhatt
(d) Shekhar Pathak

**63.** Under the rule of Panwar dynasty 'Supkarpati' was the _______
(a) Security officer of King
(b) Incharge of Royal Kitchen
(c) Chief Administrative Officer
(d) Prince

**64.** In 1886 who represented Uttarakhand in the Calcutta Session of the Indian National Congress ?
(a) Jwaladatt Joshi
(b) Munshi Sadanand Sanwal
(c) Badridatt Pandey
(d) Buddhi Ballabh Pant

**65.** Which Panwar ruler went to Mughal emperor Jahangir's court with gifts ?
(a) Manshah (b) Balbhadra Shah (c) Shyam Shah (d) None of the above

**66.** According to the report of Uttarakhand Migration Commission, which one of the following districts has got the maximum number of "Ghost Villages" ?
(a) Haridwar
(b) Dehradun
(c) Udhamsingh Nagar
(d) Pauri

**67.** Pappu Karki was associated with which form of art ?
(a) Music (b) Dance (c) Painting (d) Sculpture

**68.** In which year did the Kumaun Parishad merge with congress ?
(a) 1923 (b) 1925 (c) 1926 (d) 1931

**69.** In which district of Uttarakhand the famous 'Neelkanth-Mahadev' Temple is situated ?
(a) Tehri Garhwal (b) Pauri Garhwal (c) Uttarkashi (d) Chamoli

**70.** 'Harela' is a famous ______ of Uttarakhand.
(a) Festival (b) Folk dance (c) Folk Song (d) Fruit

**71.** Which one of the following festivities is not related to Uttarakhand ?
(a) Jagar (b) Ramman (c) Nanda Jat (d) Phool Walon Ki Sair

**72.** 'JAD' is a sub-caste of which tribe of Uttarakhand ?
(a) Jaunsari (b) Raji (c) Bhotia (d) Tharu

**73.** Author of the book 'Nad-Nandini' is ______.
(a) Keshav Das Anuragi
(b) Ranvir Singh Bisht
(c) Yashodhar Mathpal
(d) Anoop Shah

**74.** Which among the following is not a traditional nose ornament of Uttarakhand ?
(a) Nath (b) Murkhi (c) Bulaak (d) Fuli

**75.** Finger millet is known in Uttarakhand as
(a) Jhandla (b) Bajra (c) Cheena (d) Mandua

## भाग – 3
## उत्तराखण्ड से संबंधित विविध जानकारियाँ

**61.** निम्नलिखित में से कौन सी काली नदी की सहायक नदियाँ हैं ?
(a) पिण्डर और धौली गंगा
(b) पूर्वी धौली और कुथी–याँग्ती
(c) साँग और खो
(d) डब्का और निहाल

**62.** "हरी भरी उम्मीद" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) पुष्पेश पंत (b) सुंदरलाल बहुगुणा (c) चंडीप्रसाद भट्ट (d) शेखर पाठक

**63.** पँवार वंश के शासनकाल में 'सुपकारपति' ________ हुआ करता था ।
(a) राजा का सुरक्षा अधिकारी
(b) राजकीय भोजनालय का प्रभारी
(c) सर्वोच्च प्रशासनिक अधिकारी
(d) युवराज

**64.** 1886 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व किसने किया ?
(a) ज्वालादत्त जोशी
(b) मुँशी सदानन्द सनवाल
(c) बद्रीदत्त पाण्डे
(d) बुद्धिबल्लभ पंत

**65.** कौन सा पँवार शासक मुगल बादशाह जहाँगीर के दरबार में भेट लेकर गया था ?
(a) मान शाह
(b) बलभद्र शाह
(c) श्याम शाह
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**66.** उत्तराखण्ड पलायन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न में से किस जिले में "भूतहा गाँवों" की संख्या सर्वाधिक हैं ?
(a) हरिद्वार (b) देहरादून (c) उधमसिंह नगर (d) पौड़ी

**67.** पप्पू कार्की कला की किस विधा से सम्बन्धित थे ?
(a) संगीत (b) नृत्य (c) चित्रकला (d) मूर्तिकला

**68.** किस वर्ष में कुमाऊँ परिषद का विलय काँग्रेस में हुआ था ?
(a) 1923 (b) 1925 (c) 1926 (d) 1931

**69.** नीलकण्ठ महादेव का प्रसिद्ध मन्दिर उत्तराखण्ड के किस जिले में स्थित है ?
(a) टिहरी गढ़वाल (b) पौड़ी गढ़वाल (c) उत्तरकाशी (d) चमोली

**70.** 'हरेला' उत्तराखण्ड का प्रसिद्ध _______ है ।
(a) त्योहार (b) लोकनृत्य (c) लोकगीत (d) फल

**71.** निम्नांकित में से कौन सा उत्सव उत्तराखण्ड से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) जागर (b) रम्माण (c) नंदा जात (d) फूल वालों की सैर

**72.** 'जाड़' उत्तराखण्ड के किस जनजाति की एक उप–जाति है ?
(a) जौनसारी (b) राजि (c) भोटिया (d) थारू

**73.** 'नाद–नंदिनी' पुस्तक के लेखक हैं :
(a) केशवदास अनुरागी (b) रणवीरसिंह बिस्ट (c) यशोधर मठपाल (d) अनूप शाह

**74.** निम्नलिखित में से कौन सा उत्तराखण्ड का 'नाक' में पहनने वाला पारम्परिक गहना नहीं है ?
(a) नथ (b) मुर्खी (c) बुलाक (d) फूली

**75.** उत्तराखंड में 'रागी' को कहा जाता है :
(a) झंडला (b) बाजरा (c) चीना (d) मँडुआ

**76.** What was the volume of fish production in Uttarakhand in 2021-22 ?
(a) 5.130 Thousand M.T. (b) 5.367 Thousand M.T.
(c) 6.090 Thousand M.T. (d) 7.900 Thousand M.T.

**77.** Under what brand name are the handicraft products of Uttarakhand marketed in other States of India ?
(a) Dev Bhoomi Brand (b) Himalayan Brand
(c) Uttarakhand Brand (d) Himadri Brand

**78.** Which district of Uttarakhand has the minimum number of enterprises run by women entrepreneurs as per the 6th Economic Census 2012-13 of Uttarakhand ?
(a) Uttarkashi (b) Chamoli (c) Rudraprayag (d) Pithoragarh

**79.** Which of the following districts has the highest nomination of workers under the Pradhan Mantri Shram Yogi Mandhan Yojna (PM-SYM) ?
(a) Haridwar (b) Dehradun (c) Almora (d) Udhamsingh Nagar

**80.** What was the major export item of Uttarakhand till December 2021 (during 2021-22) as per the Uttarakhand Economic Survey 2021-22 ?
(a) Plastic and Rubber
(b) Chemical products
(c) Base Metals
(d) Pears, precious and semi-precious stones

**81.** Vigyan Dham in Uttarakhand is situated at
(a) Pauri (b) Karnprayag (c) Dehradun (d) Mussoorie

**82.** India's first 'Lichen Park' is being developed in
(a) Bhararisain (b) Munsyari (c) Gangotri (d) Dunagiri

**83.** With reference to alpine musk deer consider the following statements :
1. Solitary animal, observing them in captivity is difficult.
2. It is listed as least concern IUCN Red data list.
3. The species is threatened by poaching in Uttarakhand.

Which of the above statements are correct ?
(a) Only 1 and 2 (b) Only 1 and 3 (c) Only 2 and 3 (d) 1, 2 and 3

**84.** How many wild life sanctuaries are there in Uttarakhand ?
(a) 4 (b) 6 (c) 7 (d) 8

**85.** First quarantine centre for animal is established in Uttarakhand at
(a) Rajaji National Park (b) Govind Pashulok
(c) Jim Corbett National Park (d) Ascot Sanctuary

**86.** ______ is UNESCO heritage site in Uttarakhand.
(a) Manas National Park (b) Indian Mountain Rail
(c) The Great Himalayan National Park (d) Nanda Devi Biosphere Reserve

**87.** Which of the following two female Sarpanch of Uttarakhand were awarded 'Swachchh Sujal-Shakti Samman – 2023' by the President ?
(a) Nikita Chauhan and Parvati Devi (b) Kavita Devi and Nikita Chauhan
(c) Kavita Devi and Hemlata (d) Khashti Devi and Kamla Devi

**76.** उत्तराखंड में 2021–22 में मत्स्य उत्पादन कितना था ?
(a) 5.130 हजार मी. टन
(b) 5.367 हजार मी. टन
(c) 6.090 हजार मी. टन
(d) 7.900 हजार मी. टन

**77.** उत्तराखण्ड के हस्तशिल्प उत्पादों को भारत के दूसरे राज्यों में किस ब्रांड नाम से बेचा जाता है ?
(a) देव भूमि ब्रांड
(b) हिमालयन ब्रांड
(c) उत्तराखण्डी ब्रांड
(d) हिमाद्रि ब्रांड

**78.** उत्तराखण्ड की छठी आर्थिक गणना 2012–13 के अनुसार, उत्तराखण्ड के किस जिले में सबसे कम संख्या में महिला उद्यमियों द्वारा उद्यमों को संचालित किया जाता है ?
(a) उत्तरकाशी
(b) चमोली
(c) रुद्रप्रयाग
(d) पिथौरागढ़

**79.** निम्नलिखित जिलों में से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पी.एम.–एस.वाई.एम.) के अन्तर्गत सर्वाधिक श्रमिकों के नामांकन किस जिले में हुए हैं ?
(a) हरिद्वार
(b) देहरादून
(c) अल्मोड़ा
(d) उधमसिंह नगर

**80.** उत्तराखण्ड आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 के अनुसार, उत्तराखण्ड की मुख्य निर्यात मद दिसम्बर 2021 तक (2021-22 के दौरान) क्या थी ?
(a) प्लास्टिक एवं रबर
(b) केमिकल प्रोडक्टस
(c) बेस मेटल्स
(d) रत्न, बहुमूल्य एवं अर्द्ध बहुमूल्य स्टोन्स

**81.** उत्तराखण्ड में विज्ञान धाम स्थित है :
(a) पौड़ी
(b) कर्णप्रयाग
(c) देहरादून
(d) मसूरी

**82.** भारत का प्रथम 'लाइकेन पार्क' विकसित किया जा रहा है :
(a) भराड़ीसैंण में
(b) मुन्स्यारी में
(c) गंगोत्री में
(d) दूनागिरी में

**83.** पर्वतीय कस्तूरी मृग के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. एकाकी प्राणी, बंधनावस्था में दिखना मुश्किल ।
2. यह आई.यू.सी.एन. की रेड डाटा सूची में, खतरे में नहीं है ।
3. उत्तराखण्ड में यह प्रजाति अवैध शिकार के कारण खतरे में है ।

उपरोक्त में से कौन से कथन सही हैं ?
(a) केवल 1 एवं 2
(b) केवल 1 एवं 3
(c) केवल 2 एवं 3
(d) 1, 2 एवं 3

**84.** उत्तराखंड में कुल कितने वन्यजीव अभयारण्य हैं ?
(a) 4
(b) 6
(c) 7
(d) 8

**85.** उत्तराखंड में प्रथम पशु क्वारंटीन केन्द्र स्थापित किया है :
(a) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(b) गोविंद पशुलोक
(c) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(d) अस्कोट अभयारण्य

**86.** _______ उत्तराखंड में यूनेस्को विरासत स्थल है ।
(a) मानस राष्ट्रीय उद्यान
(b) भारतीय पर्वत रेल
(c) दी ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान
(d) नंदा देवी बायोस्फेयर रिज़र्व

**87.** उत्तराखण्ड की किन दो महिला सरपंचों को राष्ट्रपति के द्वारा 'स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान–2023' प्रदान किया गया ?
(a) निकिता चौहान और पार्वती देवी
(b) कविता देवी और निकिता चौहान
(c) कविता देवी और हेमलता
(d) खष्टी देवी और कमला देवी

**88.** Which sportsperson from Uttarakhand won a gold medal at the 22nd Commonwealth Games ?
(a) Jaspal Rana (b) Lakshya Sen (c) Vandana Kataria (d) Chirag Sen

**89.** Who among the following names was not included in the list of Uttarakhand Gaurav Samman – 2022 ?
(a) Viren Dangwal
(b) Ajit Doval
(c) Narendra Singh Negi
(d) Girish Chandra Tiwari

**90.** In the year 2023, Central Government declared a 500 year old step well of Uttarakhand as a protected monument. It is located at ______.
(a) Bageshwar (b) Binsar (c) Syunarakot (d) Ranikhet

**91.** Which one of the following has been appointed the Director General of Uttarakhand State Council for Science & Technology (UCOST) by the Government of Uttarakhand ?
(a) Dr. Rajendra Dobhal
(b) Dr. Anil Prakash Joshi
(c) Prof. Durgesh Pant
(d) None of the above

**92.** Trainees of Nehru Mountaineering Institute died due to an avalanche in Oct. 2022 at which of the following peaks ?
(a) Labachu – 1 (b) Chandrabhaga (c) Dropadi ka Danda-2 (d) Hanuman Tibba

**93.** Under Swachch Bharat Mission (Rural) Uttarakhand became the ______ State to be free from Defecation in open.
(a) Second (b) Third (c) Fourth (d) Fifth

**94.** Which of the following district has maximum forest area as per Forest Survey of India Report 2021 ?
(a) Chamoli (b) Dehradun (c) Pithoragarh (d) Uttarkashi

**95.** Which of the following pair is NOT correctly matched ?
(a) Gona Landslides – 1893
(b) Nainital Landslide – 1880
(c) Tawaghat Landslide – 1998
(d) Karmi Landslide – 1983

**96.** Who among the following is the author of "Akshansh Darpan" ?
(a) Nain Singh (b) Kishan Singh (c) Man Singh (d) R.S. Tolia

**97.** Which of the following pair is NOT correctly matched ?
(a) Borasu Pass – Uttarkashi
(b) Barahoti Pass – Uttarkashi
(c) Tunjan Pass – Chamoli
(d) Lamkhaga Pass – Uttarkashi

**98.** Govind Wild Life Sanctuary is situated in which of the following district ?
(a) Uttarkashi (b) Chamoli (c) Nainital (d) Almora

**99.** Who among the following is the author of "The Chipko Movement : A Peoples' History" ?
(a) Sunder Lal Bahuguna
(b) Chandi Prasad Bhatt
(c) Ramesh Chandra
(d) Shekhar Pathak

**100.** Which of the following Urban Centre of Uttarakhand has registered highest negative population growth (%) during 2001-2011 ?
(a) Landsdowne Cantonment Board
(b) Almora Cantonment Board
(c) Dehradun Cantonment Board
(d) Roorkee Cantonment Board

**88.** उत्तराखण्ड के किस खिलाड़ी ने 22वें कॉमनवेल्थ खेलों में स्वर्ण पदक जीता ?

(a) जसपाल राणा (b) लक्ष्य सेन (c) वन्दना कटारिया (d) चिराग सेन

**89.** निम्नलिखित में से कौन सा नाम उत्तराखण्ड गौरव सम्मान–2022 की सूची में नहीं था ?

(a) वीरेन डंगवाल (b) अजीत डोभाल (c) नरेन्द्रसिंह नेगी (d) गिरीश चंद्र तिवारी

**90.** 2023 में केन्द्र सरकार ने उत्तराखण्ड के एक 500 वर्ष पुराने नौले (स्टेप वेल) को संरक्षित घोषित किया है । यह स्थित है –

(a) बागेश्वर (b) बिन्सर (c) स्यूनराकोट (d) रानीखेत

**91.** निम्नांकित में से किसे उत्तराखण्ड शासन द्वारा उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं तकनीकी परिषद (यूकोस्ट) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है ?

(a) डॉ. राजेन्द्र डोभाल (b) डॉ. अनिल प्रकाश जोशी
(c) प्रो. दुर्गेश पंत (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** अक्टूबर, 2022 में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के प्रशिक्षुओं की हिमस्खलन के कारण किस चोटी पर मृत्यु हो गयी थी ?

(a) लाबचु–1 (b) चन्द्रभागा (c) द्रोपदी का डांडा–2 (d) हनुमान टिब्बा

**93.** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत उत्तराखण्ड खुले में शौच से मुक्त होने वाला ________ राज्य बना ।

(a) द्वितीय (b) तृतीय (c) चतुर्थ (d) पंचम

**94.** भारतीय वन सर्वेक्षण प्रतिवेदन (रिपोर्ट) 2021 के अनुसार, निम्नलिखित जनपदों में से सर्वाधिक वन क्षेत्र किसमें है ?

(a) चमोली (b) देहरादून (c) पिथौरागढ़ (d) उत्तरकाशी

**95.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) गोना भूस्खलन–1893 (b) नैनीताल भूस्खलन–1880
(c) तवाघाट भूस्खलन–1998 (d) कर्मी भूस्खलन–1983

**96.** निम्नलिखित में से कौन "अक्षांश दर्पण" के लेखक हैं ?

(a) नैन सिंह (b) किशन सिंह (c) मानसिंह (d) आर.एस. टोलिया

**97.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) बोरासू दर्रा – उत्तरकाशी (b) बाड़ाहोती दर्रा – उत्तरकाशी
(c) तुनजन दर्रा – चमोली (d) लमखगा दर्रा – उत्तरकाशी

**98.** गोविन्द वन्य जीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस जनपद में स्थित है ?

(a) उत्तरकाशी (b) चमोली (c) नैनीताल (d) अल्मोड़ा

**99.** निम्नलिखित में से कौन "द चिपको मूवमेण्ट : ए पीपुल्स हिस्ट्री" के लेखक हैं ?

(a) सुन्दरलाल बहुगुणा (b) चण्डीप्रसाद भट्ट (c) रमेशचन्द्र (d) शेखर पाठक

**100.** उत्तराखण्ड के निम्नलिखित में से किस नगर केन्द्र में 2001–2011 के दौरान सर्वाधिक ऋणात्मक जनसंख्या वृद्धि (%) पंजीकृत की गई है ?

(a) लैन्ड्सडाउन छावनी परिषद (b) अल्मोड़ा छावनी परिषद
(c) देहरादून छावनी परिषद (d) रूड़की छावनी परिषद

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह